Ms Himani Bundela will receive award from the President

सुश्री हिमानी बुंदेला राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करेंगी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल आगरा की शिक्षिका सुश्री हिमानी बुंदेला भारत के राष्ट्रीय पुरस्कार: श्रेष्ठ दिव्यांगजन 2024 हेतु चयनित

आगरा निवासी सुश्री हिमानी बुंदेला जो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.-1, वायु सेना स्थल आगरा की शिक्षिका और KBC-13 की विजेता हैं, का चयन भारत के राष्ट्रीय पुरस्कार: श्रेष्ठ दिव्यांगजन 2024 हेतु किया गया है। सुश्री हिमानी बुंदेला को यह राष्ट्रीय पुरस्कार भारत की महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा दिनांक 03 दिसंबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिया जाएगा।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.-1,वायु सेना स्थल आगरा के प्राचार्य श्री प्रवीन कुमार मलिक द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुये अवगत कराया कि यह पुरस्कार सुश्री हिमानी जी को उनके असाधारण योगदान और दिव्यांगजन के सशक्तिकरण में अनमोल योगदान के लिए दिया जा रहा है। सुश्री हिमानी जी ने उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन के अधिकारों के लिए एक सशक्त अभियान चलाया है और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, और कई प्रतिष्ठित संस्थानों से भी सम्मान प्राप्त किया है।

प्राचार्य जी द्वारा यह भी अवगत कराया कि सुश्री हिमानी जी के इस सम्मान से समाज में दिव्यांगजन की प्रेरणा और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। और मैं उनकी सराहनीय सेवाओं और समाज के प्रति समर्पण की सराहना करता हूँ। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी उन्हे दिव्यांगजन विभाग का ब्रांड एम्बेसडर मनोनीत किया है।

सुश्री हिमानी बुंदेला को राज्य सरकार से प्राप्त मनोनयन एवं सम्मान इस प्रकार है:-

- तीसरी बार नामांकित (जिला आइकन चुनाव आयोग)
- राज्य पुरस्कार चयन समिति उ.प्र. के सदस्य के रूप में मनोनीत।

सम्मान/पुरस्कार:-

- सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया
- राज्य पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ रोल मॉडल) उ.प्र. सरकार द्वारा
- राज्य गौरव पुरस्कार -माननीय राज्यपाल उ.प्र. द्वारा श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा
- पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक जी द्वारा सम्मानित।
- यूपी के दिव्यांगजन विभाग के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सरकार द्वारा मनोनीत- मुख्य सचिव डी.एस.मिश्रा जी द्वारा
- 15 अगस्त को जिला प्रशासन की ओर से उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार
- केवीएस (केंद्रीय विद्यालय संगठन) द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार
- दैनिक जागरण द्वारा अचीवर्स ऑफ द ईयर अवार्ड
- आगरा रत्न पुरस्कार।

- ग्लोबल ग्लोरियस अवार्ड एवं अन्य सम्मान भी शामिल हैं।

आगामी राष्ट्रीय पुरस्कार सुश्री हिमानी बुंदेला शिक्षिका, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.-1, वायु सेना स्थल आगरा के लिए एक और सम्मान की बात है और समाज के प्रति उनके समर्पण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सुश्री हिमानी नई शिक्षा नीति -2020 (NEP-2020) के अनुसार रोचक शिक्षण पद्धति और समावेशी शिक्षा को जमीनी स्तर पर लागू करने में अनवरत प्रयासरत हैं एवं जिसके फलस्वरूप केन्द्रीय विद्यालय के सामान्य बच्चों के साथ – साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (CWSN) भी लाभान्वित हो रहें हैं। यह योगदान केन्द्रीय विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ – साथ सारे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा और उनकी सफलता हर युवा को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित करेगी। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त परिवार द्वारा विद्यालय की शिक्षिका सुश्री हिमानी बुंदेला के इस नए कीर्तिमान पर हर्ष व्यक्त करते हुये उन्हे आगामी शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।